बिखर गया हूँ बाबा

बिखर गया हुँ बाबा मुझको,आकर लो सम्भाल 2
बचपन से सुनता आया ना, तुमसा कोई दयाल
ओ मेरे श्याम 2 मेरे साँवरे ओ बाबा श्याम 2
बिखर...

अब हिम्मत ना मेरी उठने की,मुझे वक्त ने बडा सताया है
ये वक्त बड़ा बलवान है जो, तेरे दर पर खींच के लाया है] 2
वक्त मेरे जीवन मे बाबा, लाया कैसा भूचाल 2
बचपन...

कई अर्से बाबा बीत गए, खुशियो का मुख मुझे देखे हुए
अपने तो बाबा बहुत मिले, नही दिया 'सहारा' गिरते हुए] 2
गर तू भी ना देगा सहारा,ना कोई मुझे मलाल 2
बचपन...

अब तो बस ये ही तमन्ना है, तेरी भगती मे में खो जाऊं
बन कर के 'दास' प्रभू तेरा, जीवन भर तुमको में ध्याऊ] 2
संजय का रखना बाबा तुम,जीवन भर ख्याल 2
बचपन...

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/33684/title/Bikhar-gaya-hun-Baba

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |